15/04/2026

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय DoNER मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया से मुलाकात की। राज्यपाल ने राज्य के युवाओं की खेलों में अपार संभावनाओं पर जोर देते हुए आधुनिक खेल सुविधाओं की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किया। उन्होंने कीवी खेती को राज्य की एक प्रमुख उद्योग बताते हुए 'अरुणाचल प्रदेश में कीवी को यूएसपी (विशिष्ट पहचान) के रूप में विकसित करने' के प्रस्ताव को उत्तर पूर्वी परिषद के तहत शीघ्र स्वीकृति देने का अनुरोध किया। राज्यपाल ने वेस्ट कामेंग जिले के शेरगांव हॉर्टिकल्चर फार्म में सोलर कोल्ड स्टोरेज के साथ एक इंटीग्रेटेड पैक हाउस स्थापित करने की भी वकालत की।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज महिला सशक्तिकरण और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के प्रति जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। यह अधिनियम संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए तैंतीस प्रतिशत आरक्षण प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें नियमों को अंतिम रूप देने और क्रियान्वयन की प्रक्रिया

तय करने पर ध्यान केंद्रीत किया जाएगा, ताकि दो हज़ार उनतीस के चुनावों तक इस आरक्षण को लागू किया जा सके। श्री खांडू ने कहा कि नीतिनिर्माण में महिलाओं की भागीदारी विकास का एक महत्वपूर्ण संकेतक है, और विकसित देशों में चालीस से पचास प्रतिशत तक महिला प्रतिनिधित्व देखा जाता है। उन्होंने महिलाओं से राजनीति और नेतृत्व की भूमिकाओं में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के न्यीशी समुदाय द्वारा आज लोंगते पर्व को एक अनोखी सांस्कृतिक परंपरा के रूप में मनाया जा रहा हैं, जो अपनी “रक्तहीन” परंपरा के लिए प्रसिद्ध है। अन्य कई जनजातीय त्योहारों के विपरीत, लोंगते में पशु बलि पूरी तरह निषेद्ध होते हैं और यह शांति तथा कृषि समरसता पर केंद्रित होता हैं। निरजुली में ग्रामीणों ने भरपूर फसल की कामना के साथ ही रंगारंग लोक नृत्य एवं पारंपरिक संगीत में भाग लिया। इस कार्यक्रम में सांसद नाबाम रेबिया और जिला परिषद अध्यक्ष बामांग यायू भी उपस्थिति रहें।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने लोंगते पर्व के अवसर पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि इस पर्व की ग़रिमा और पवित्रता सभी के जीवन में स्थायी सुख, समृद्धि और शांती लेकर आएं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि लोंगते एक अद्वितीय और अर्थपूर्ण

त्योहार है, जिसकी विशेषता यह है कि इसमें किसी भी प्रकार की पशु बलि नहीं दी जाती। राज्यपाल ने बोहाग बिहू के अवसर पर भी राज्य के लोगों एवं अरुणाचल प्रदेश की ओर से असम के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं।

0000000000000000000000

आज ईटानगर स्थित डी.के. कन्वेंशन हॉल में आयोजित वार्षिक जॉब फेयर 2026 में स्वास्थ्य, आतिथ्य, बैंकिंग, प्रौद्योगिकी, लॉजिस्टिक्स और मानव संसाधन सहित विभिन्न क्षेत्रों की चालीस से अधिक कंपनियों ने भाग लिया। यह आयोजन युवा मामलों के विभाग के तत्वावधान में किया गया। एग्रोटेक, डिजिटल सेवाएं, डिजाइन कंसल्टेंसी और कौशल विकास जैसे उभरते क्षेत्रों की कंपनियां भी इसमें शामिल रहीं।

0000000000000000000000

जनगणना दो हज़ार सत्ताइस के अंतर्गत हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना के तहत स्व-गणना प्रक्रिया कल से पूरे अरुणाचल प्रदेश में शुरू होगी। यह प्रक्रिया आगामी तीस अप्रैल 2026 तक जारी रहेगा, जिससे निवासियों को स्वयं अपने घर की जानकारी प्रदान करने का अवसर मिलेगा। स्व-गणना चरण के बाद, 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना के फील्ड ऑपरेशन शुरू होंगे।

इस दौरान प्रशिक्षित गणनाकर्मी राज्य के सभी घरों में जाकर सीधे जानकारी एकत्र करेंगे। इस बीच निवासियों को सलाह दी गई है कि वे आवश्यक जानकारी जैसे परिवार के सदस्यों का विवरण, आवास का प्रकार और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी पहले से तैयार रखें, ताकि प्रक्रिया सुगम और त्वरित हो सके। साथ ही, अपनी सुरक्षा के लिए गणनाकर्मियों की पहचान सत्यापित करने की भी अपील की गई है।

0000000000000000000000

CBSE ने शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। CBSE के अनुसार इस वर्ष कुल उत्तीर्ण प्रतिशत तीरानबे दशमलव सात शुन्य प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.04 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष भी लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत चौरानबे दशमलव नौ नौ प्रतिशत रहा, जबकि बानबे दशमलव छः नौ प्रतिशत लड़के और सत्तासी दशमलव पांच शुन्य प्रतिशत ट्रांसजेंडर छात्र परीक्षा में सफल हुए हैं। छात्र अपने परिणाम आधिकारिक वेबसाइट्स cbse.gov.in, results.cbse.nic.in और cbseresults.nic.in पर देख सकते हैं। इसके अलावा DigiLocker और UMANG ऐप पर भी परिणाम उपलब्ध हैं।

0000000000000000000000

बासार विधायक न्याबी जिनी दिर्ची के नेतृत्व में एकजुटता और सशक्तिकरण का प्रदर्शन करते हुए, आज अरुणाचल प्रदेश के लेपा रादा जिले के बासार में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में पूरी तरह से महिलाओं की एक बाइक/स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। जिसमें महिला चालकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया, जो महिला सशक्तिकरण और प्रतिनिधित्व के प्रति उनकी एकता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

0000000000000000000000